आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून
रविवार 07.06.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आर्थिक परिवर्तन और दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं की समीक्षा की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा- कवि समाज के चिंतक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत होते हैं।
- उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग में अटैचमेंट व्यवस्था समाप्त होगी, मूल तैनाती पर लौटेंगे शिक्षक-कर्मचारी।
- और... भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जापान को हराकर अंडर-18 एशिया कप जीता। भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

---

प्रधानमंत्री-आर्थिक सलाहकार परिषद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री-आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री और परिषद ने वैश्विक उथल-पुथल के दौर में भारत की आर्थिक वृद्धि को और बढ़ावा देने के लिए कई विचारों और उपायों पर चर्चा की। जीवनयापन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए विभिन्न सुधारों पर भी विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने भारत और विश्व पर पश्चिम एशिया संघर्ष से पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने भारत के आर्थिक परिवर्तन और दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं से संबंधित व्यापक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। सभी सदस्यों ने सुधार यात्रा को और गति देने तथा जीवनयापन और व्यापार में सुगमता सुनिश्चित करने के लिए भी अपने विचार साझा किए। आर्थिक सलाहकार परिषद एक स्वतंत्र निकाय है जो भारत सरकार विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देती है।

---

साहित्य चर्चा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कवि केवल शब्दों के सृजनकर्ता नहीं, बल्कि समाज के चिंतक, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी होते हैं। उनकी रचनाएं समाज को दिशा देने, जनचेतना जगाने और सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

नैनीताल जिले के कालाढूंगी में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से साहित्य, संस्कृति और सृजन की भूमि रही है। उन्होंने सुमित्रानंदन पंत, चंद्रकुंवर बर्त्वाल, गिरीश तिवारी 'गिर्दा', शैलेश मटियानी, गौरा पंत 'शिवानी' और मोहन उप्रेती जैसी साहित्यिक विभूतियों का स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की समृद्ध साहित्यिक परंपरा आज भी नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दे रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध कवि और साहित्यकार कुमार विश्वास, अशोक चक्रधर और हरिओम पंवार सहित विभिन्न साहित्यकारों तथा कवियों को सम्मानित किया।

---

मोदी सरकारः वाइब्रेंट विलेज योजना

पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। इसी क्रम में आकाशवाणी समाचार सरकार के पिछले 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों पर विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज की कड़ी में बात करते हैं केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'वाइब्रेंट विलेज योजना' की।

इस योजना का उद्देश्य उत्तराखंड सहित देश के सीमावर्ती राज्यों के गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विकास कर वहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इसी कड़ी में उत्तरकाशी जिले के सीमांत क्षेत्रों में योजना के तहत सड़क, पेयजल, विद्युत, संचार और पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीणों की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बाजारों तक पहुंच आसान हुई है। वहीं मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी में सुधार से स्थानीय लोग विभिन्न डिजिटल सेवाओं का लाभ भी उठा रहे हैं।

उत्तरकाशी जिले के झाला गांव के ग्राम प्रधान अभिषेक रौतेला का कहना है कि वाइब्रेंट विलेज योजना के प्रभाव से सीमावर्ती गांवों में विकास कार्यों को नई गति मिली है और ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहे हैं।

---

अटैचमेंट

प्रदेश के उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग में शिक्षकों तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की सभी प्रकार की अटैचमेंट व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। साथ ही विभिन्न संस्थानों और विभागों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कार्मिकों की भी चरणबद्ध वापसी सुनिश्चित की जाएगी। उच्च शिक्षा

और तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डॉ. रावत ने कहा कि दोनों विभागों में बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी अपने मूल तैनाती स्थलों के बजाय अन्य महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और विभागों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हैं। इससे महाविद्यालयों और पॉलीटेक्निक संस्थानों में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य सभी शिक्षण संस्थानों में मानव संसाधनों का संतुलित और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना है, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके और संस्थानों की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बन सके।

---------------------------------------------------------------

आईएमए एसीसी विंग

देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में एसीसी विंग का 127वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कैडेट्स ने अपने सैन्य जीवन के एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया।

समारोह में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह ने कैडेट्स को स्नातक उपाधियां प्रदान कीं। इस दौरान कुल 73 कैडेट्स को डिग्री प्रदान की गई। इनमें विज्ञान संकाय के 32 और मानविकी संकाय के 41 कैडेट शामिल थे।

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ गोल्ड मेडल विंग कैडेट कैप्टन नवीन को प्रदान किया गया। सिल्वर मेडल कंपनी कैडेट कैप्टन अवनीश कुमार मिश्रा और ब्रॉन्ज मेडल विंग कैडेट क्वार्टर मास्टर हर्षराज को दिया गया।

---

औषधि निरीक्षक

बागेश्वर की औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने जनस्वास्थ्य और रोगी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय के औषधि भंडार का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दवाओं के भंडारण, संरक्षण और वितरण व्यवस्था की विस्तृत जांच की गई। औषधियों के सुरक्षित रख-रखाव के लिए निर्धारित तापमान और आर्द्रता नियंत्रण व्यवस्था का भी परीक्षण किया गया। इसके अलावा उपलब्ध स्टॉक, बैच विवरण, निर्माण एवं समाप्ति तिथि, स्टॉक रजिस्टर तथा वितरण अभिलेखों की भी जांच की गई।

उन्होंने बताया कि औषधि भंडार प्रभारी को मानक संचालन प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये हैं।

---

एशिया कप हॉकी

जापान के काकामिगाहारा में भारत की अंडर-18 लड़कों की टीम ने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया है। फाइनल में भारत ने जापान को चार-एक से हराया। आशीष तानी पूर्ति ने तीन गोल किए। कप्तान केतन कुशवाहा ने भी एक गोल किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंडर-18 एशिया कप 2026 में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि पुरुष टीम ने चैंपियनशिप का खिताब जीता है, जबकि महिला टीम ने कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि ये परिणाम देश के युवा खिलाड़ियों के समर्पण, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों टीमों का उत्कृष्ट प्रदर्शन देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

---

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण गैस के दामों में वृद्धि पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का लिखता है- घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 29 रुपये की बढ़ोतरी।

एक अन्य शीर्षक में समाचार पत्र लिखता है- अमेरिका-ईरान में फिर जंग की ज्वाला भड़की।

दैनिक जागरण की सुर्खी है- मुख्यमंत्री धामी ने अन्नदाताओं के साथ खेती-किसानी बचाने का लिया संकल्प।

एसआईआर पर जागरण लिखता है- बीएलओ का मोबाइल रिचार्ज करेगा आयोग

---